प्रेस नोट **17/08/2024**

06 अभियुक्तगण गिरफ्तार कब्जे से प्रतिबंधित 40 किग्रा मांस, 04 अदद चाकू बरामद–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्री के पर्वेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री अंजनी कुमार पाण्डेय के नेतृत्व मे आज दिनांक 17.08.2024 को थाना दक्षिणटोला पुलिस टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर डोमनपुरा गोलवा के पास से अभियुक्तगण रियाजुद्दीन पुत्र अब्दुल समर, मो0 ओसामा पुत्र मो0 जुबैर, जुम्मन पुत्र इकबाल, फजिउर्रहमान पुत्र जुल्फिकार निवासीगण डोमनपुरा थाना दक्षिणटोला, एजाज अहमद पुत्र जाम मुहम्मद, आरिफ इकबाल पुत्र खलिलुर्रहमान निवासीगण हबीबनगर थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ के कब्जे से प्रतिबंधित 40 किग्रा मांस (नील गाय) , 04 अदद चाकू, 01 अदद चापड़ 01 एक अदद लकडी का ठिहा व तराजू तथा बाट बरामद कर गिरफ्तार किया गया । इस संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 128/24 धारा 9/51 वन जीव संरक्षण अधिनियम व धारा 4/25 आयुद्ध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया ।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण–

01. रियाजुद्दीन पुत्र अब्दुल समर निवासी डोमनपुरा थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ ।
02. मो0 ओसामा पुत्र मो0 जुबैर निवासी डोमनपुरा थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ ।
03. जुम्मन पुत्र इकबाल निवासी डोमनपुरा थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ ।
04. फजिउर्रहमान पुत्र जुल्फिकार निवासी डोमनपुरा थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ ।
05. एजाज अहमद पुत्र जाम मुहम्मद निवासी हबीबनगर थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ ।
06. आरिफ इकबाल पुत्र खलिलुर्रहमान निवासी हबीबनगर थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ ।

बरामदगी–

01. प्रतिबंधित 40 किग्रा मांस (नील गाय) ।
02. 04 अदद चाकू, 01 अदद चापड़ 01 एक अदद लकडी का ठिहा व तराजू तथा बाट ।

03 वांछित तथा 02 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 17.08.2024 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा जरिये मुखबिर की सूचना पर रसुलपुर प्राइमरी विद्यालय के पास से मु0अ0सं0 136/24 धारा 137(2),87,64 बीएनएस में वांछित अभियुक्त राजेश चौहान पुत्र रामधनी चौहान निवासी भीटी थाना तरवाँ जनपद आजमगढ़, मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा वलिदपुर मोड़ के पास से मु0अ0सं0 272/24 धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त आरिफ पुत्र बसीर निवासी मडहा थाना मुहम्मदाबाद गोहना, रानीपुर पुलिस द्वारा गोकुलपुरा पुलिया के पास से मु0अ0सं0 99/24 धारा 366, 376, 506 भादवि में वांछित अभियुक्त दीपक पाण्डेय पुत्र अनिल पाण्डेय निवासी ओन्हाईच थाना सरायलखन्सी तथा रानीपुर पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्तगण मुन्ना, हरेन्द्र यादव पुत्रगण झुरी निवासीगण ताहिरपुरा थाना रानीपुर जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया ।